आउट सोर्स कर्मचारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज
करैरा, 20 जनवरी। जिले में कार्यरत सामान्य निर्वाचन के आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ करेरा निर्वाचन में पदस्थ आउट सोर्स कर्मचारियों ने भी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सोमवार से 5 दिवसीय सामूहिक हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने हड़ताल सामान्य निर्वाचन कार्यों और विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अधिक कार्यभार, लंबित भुगतान और शासन स्तर पर कार्रवाई नहीं होने के विरोध में की है। हड़ताल को लेकर आज अनुविभागीय अधिकारी अनुराग निंगवाल को कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा है।

कर्मचारियों का कहना है कि वह वर्ष 2017-18 से लगातार पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत कर्मचारियों से दिन-रात कार्य कराया जा रहा है। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। वह कार्य की अधिकता के कारण परिवार को भी समय नहीं दे पा रहे हैं। कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांगों पर शीघ्र निराकरण की अपील की है। उन्होंने ज्ञापन की प्रति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपुरी को भी भेजी है। हड़ताल के चलते जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

कर्मचारियों का कहना है कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कल से प्रदेश व्यापी हड़ताल के लिए सभी भोपाल में एकत्रित होंगे। यदि मांगे नहीं मानी जाती तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वाले कर्मचारियों में योगेश कुशवाह सहायक प्रोग्रामर, सौरभ मेडतवाल डाटा एंट्री ऑपरेटर ,जितेन्द्र कोली डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं अन्य साथी गण उपस्थित थे।

मानसिक रूप से प्रताड़ित कर्मचारी चार दिवसीय हड़ताल पर

पोहरी। पोहरी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने पोहरी एसडीएम अनुपम शर्मा को आवेदन सोंप चार दिवसीय हड़ताल पर जाने की मांग की है। आउटसोर्स कर्मचारियों नीरज सिंह सिकरवार ने बताया कि हम सभी कर्मचारी पूरी मेहनत व लगन से काम कर रहे है। वर्तमान में चल रहे एसआईआर सर्वे में हम दिन रात कार्य कर रहे है पिछले चार नवंबर से हम सभी कर्मचारी शनिवार एवं रविवार को भी कार्य कर रहे है। कार्य की अधिकता के कारण हम सभी बहुत मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गए हैं, इस बजह से हमारे परिजन भी बहुत परेशान है, क्योकि परिवार को भी हम समय नही दे पा रहे है। निर्वाचन आयोग द्वारा दिन-रात हमसे काम करवाया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया की 11 माह से एरियर का भी भुगतान नही किया गया हम सभी कर्मचारियों की मागें है की हमे मानोदय का भुगतान सीधा हम कर्मचारियों के बैंक खाते में किया जाए। हमारी दूसरी मांग है कि माननीय हाईकोर्ट के निर्देश अनुसार विगत 11 माह का एरियर भुगतान किया जाए, हमारी तीसरी मांग है कि प्रतिमाह सैलेरी का भुगतान समय पर किया जाए एवं हमारी चौथी मांग है कि शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव और वरिष्ठरता के आधार पर संविदा नियति कारण का लाभ मिले। आउटसोर्स कर्मचारी ने बताया कि हम सभी कर्मचारी 20 जनवरी से 23 जनवरी कुल चार दिवस की हड़ताल पर जा रहे हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों ने जल्द से जल्द मांगों को पूरी करने एवं शीघ्र निराकरण करने का अनुरोध किया है।

रोटरी मेडिकल मिशन के रूप में ग्राम खरई में लगा 7वां स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 20 जनवरी। विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रोटरी मेडीकल मिशन शिवपुरी के अंतर्गत ग्राम-ग्राम पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में यह 7वां मेडीकल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कोलारस के अंतर्गत आने वाले ग्राम खरई में लगा जिसमें सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए अपने

सैकड़ों मरीजों ने कराया पंजीयन, शिविर का लिया लाभ, गंभीर मरीज हुए चिह्नित

रोग का उपचार कराया और गंभीर मरीजों को चिह्नित किया गया।

रोटरी क्लब अध्यक्ष दीपेश सांखला व सचिव मनीष गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन,मध्य प्रदेश शासन, श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं मुख्य सहयोगी रोटरी क्लब शिवपुरी के तत्वाधान में ग्राम खरई कोलारस में सातवां स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने अपना पंजीयन कराकर अपने संबंधित रोग की जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें से गंभीर एवं जटिल रोगों के मरीजों को चिन्हित किया जाकर उनका उपचार आगामी 17 से 24 मार्च तक शिवपुरी मेडिकल कॉलेज पर आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में आयोजकों द्वारा बाहर से शमिल होने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जाएगा। ग्राम खरई में लगाए गए शिविर का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष दीपेश सांखला, श्रीमती सोनिया सांखला, सचिव मनीष गोयल, उपाध्यक्ष दिलीप वैश्य,मिशन कोऑर्डिनेटर डॉ दिलीप जैन,पवन जैन, हरवीर सिंह एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों एवं स्थानीय लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, रोटरी मिशन के दीपेश सांखला, पवन जैन, हरवीर सिंह द्वारा आम जनों को इस मिशन में मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ एवं व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया साथ ही आगामी कैंपों की जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की गई।

इसके साथ ही उपस्थित डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, ग्राम सरपंच, आशा कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्थानीय सहयोगियों का माल्यार्पण कर इस मिशन उनकी सेवाओं हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर में करीब आसपास के 750 से अधिक विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीजों ने इस स्वास्थ्य परीक्षण में अपना चैकअप कराया और इनमें से गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को चिह्नित किया गया जिन्हें मेगा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्रदान कराया जाएगा।

भाजपा के नवीन जिला पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 20 जनवरी। समाजसेवी संस्था मानव वेलफेयर सोसायटी और अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में दायित्व मिलने पर

मानव वेलफेयर सोसायटी और अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने किया आयोजन

शहर की शगुन वाटिका में सोमवार को मानव वेलफेयर सोसायटी और अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने संयुक्त रूप से नवीन जिला पदाधिकारियों को का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया।



भारतीय जनता पार्टी के लगातार जिला उपाध्यक्ष बनते आ रहे हेमंत ओझा, जिला महामंत्री के पद पर लवलेश जैन चीनू, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन पत्रकार, जिला मंत्री डॉ रश्मि गुप्ता और जिला मंत्री श्रीमती दीपा बंसल को बनाए जाने पर इन नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण व शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मानव वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक राजेश ठाकुर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम आभारी हैं भाजपा की जिला कार्यकारिणी में शामिल किया। हम आशा करते हैं कि हमारे पदाधिकारी पार्टी के जिम्मेदारियों पर खरे उतरेंगे। भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन जैन ने कहा कि हमारे लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय हमारी टीम के लोगों भाजपा ने पुन: स्थान दिया,हम पार्टी और संगठन के आभारी हैं। कार्यक्रम का संचालन संजीव जैन और आभार राजेश ठाकुर ने किया। इस अवसर मानव वेलफेयर सोसायटी एवं मां अंबे एसोसिएट तथा अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश जैन मगरोनी, पवन जैन, राजेश ठाकुर, टानु राजोरिया, एड.संतोष शिवहरे, राजेश गोयल, हरिओम जैन, रामेश्वर राठौर, राजेंद्र राठौर, सतीश शर्मा, दिलीप सिंघल, मोनू भाई, मनोज अग्रवाल, संजीव जैन, शैलेंद्र मित्तल, अंकुर सिंघल, अनीता जैन, शिखा सिंघल आदि लोग शामिल थे।

आबकारी विभाग की पिछोर में अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 20 जनवरी। अवैध शराब की रोकथाम को लेकर जिला आबकारी विभाग के द्वरा जिले भर में कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले के पिछोर में अवैध

116 लीटर हाथ भट्टी शराब के साथ बनाए 5 प्रकरण, 2600 किग्राम गुड़लहान को किया नष्ट

शराब कारोबार को लेकर वृत्त पिछोर में कलेक्टर रविन्द्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उडनदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में वृत्त पिछोर प्रभारी लोकेश बेवारिया के द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई जिसमें 116 लीटर हाथ भट्टी

शराब के साथ 5 प्रकरण बनाए गए मौके पर ही 2600 किग्रा गुड़लहान को नष्ट किया गया।

जानकारी के अनुसार इन दिनों अवैध शराब को लेकर संपूर्ण जिले भर में आबकारी विभाग के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जिसमें पिछोर में अवैध शराब कारोबार को लेकर जिला आबकारी विभाग द्वारा वृत्त पिछोर में बड़ी कार्यवाही की गई। कलेक्टर रविन्द्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उडनदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में वृत्त पिछोर प्रभारी लोकेश बेवारिया के द्वारा पिछोर क्षेत्रांतर्गत आने वाले क्षेत्र हिम्मतपुर, कालीपहाड़ी आदि क्षेत्रों में दबिश दी गई और मौके से कुल 116 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं मदिरा निर्माण के उपकरण ज़ब्त किए गए एवं लगभग 2600 किग्रा गुडलहान सैंम्पल लेकर मौक़े पर नष्ट किया गया। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 313000 रु. है। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के कुल 05 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए और संपूर्ण कार्यवाहियों में वृत्त पिछोर प्रभारी लोकेश बेवारिया, आबकारी उपनिरीक्षक गौरव कोल, आरक्षक गिरराज, सतीश, मुकेश, रितिक, डालसिंह, सैनिक सुमन, हिम्मतपुर पुलिस चोकी से एएसआई जितेंद्र यादव एवम आरक्षक मनीष का महत्वपूर्ण योगदान रहा भविष्य में आबकारी विभाग पिछोर द्वारा नशीले पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही सतत् जारी रहेंगी।

एक नजर में

कोताही बरतने बालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : एसडीएम

पिछोर, 20 जनवरी। पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आगरा में मध्यप्रदेश शासन द्वारा सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत 106 प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाई जा सके जिसके लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 20 जनवरी मंगलवार को पिछोर अनुविभागीय अधिकारी दंडाधिकारी श्रीमती ममता शाक्य एवं एडिशनल सीईओ एन.एस.नरवरिया द्वारा ग्राम पंचायत आगरा में पहुंच कर हितग्राहियों से चर्चा कर,अनुपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, कोटवार,आशा कार्यकर्ता आदि कर्मचारियों का पंचायत में उपस्थित न होने पर इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, तथा जनपद पंचायत पिछोर सभागार में बैठक रखी गई जिसमें नोडल अधिकारियों तथा क्लस्टर प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन पत्रों का शीघ्र निराकरण पोर्टल पर दर्ज करें, जिनकी भी प्रगति अपेक्षाकृत कम रहेगी उनके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी! इस मौके पर पिछोर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता,बीआरसीसी सुरेश गुप्ता, सीडीपीओ अरविंद तिवारी,कनिष्ठ खाद्यआपूर्ति अधिकारी जगदीप राजपूत,एई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे!

नितिन नबीन के निर्वाचित होने पर हुआ मिष्ठान वितरण

शिवपुरी। दिल्ली भाजपा मुख्यालय में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी मुकेश जैन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के 12 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। वह 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए इकलौता नामांकन आने पर वे निर्विरोध चुने गए। नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मनाए जाने पर शिवपुरी भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव के निर्देशन में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के माधव चौक चौराहे पर आतिशबाजी चलाकर, लोगों को मिठाई वितरित कर जश्न मनाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जिन्दाबाद के नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, पूर्व विधायक माखन लाल राठौर, प्रहलाद भारती, जिला उपाध्यक्ष नवाब सिंह कुशवाहा, हेमंत ओझा, जिला महामंत्री लवलेश जैन, केपी परमार, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, हरिओम राठौर, जिला मंत्री लक्ष्मी जाटव, नीरज तोमर, पूर्व महामंत्री सोनू बिरथारे, गगन खटीक, मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, विपुल जैमिनी, कृष्णा कुशवाहा, संजय सांखला, सोनू राजावत जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

उद्देश्य अच्छा हो तो समाज में देने वालों की कमी नहीं : विमल जैन

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 20 जनवरी। मनुष्य में संवेदना है जरूरत है उस संवेदना को जगाने की जब वह जाग जाती है तो वह एक बेटी की मदद के रूप में आती है यह उदगार व्यक्त किये नगर संघचालक एवं सेवा भारती के पूर्व सचिव विमल जैन ने। इसके

सेवा भारती ने एक मेधावी छात्रा को एबीबीएस पढ़ाई के लिए प्रदान की आर्थिक सहायता

पूर्व मंचासीन अतिथियों विमल जैन, प्रमोद पांडे एवं राजकुमार बिंदल द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर इस सादा एवं गरिमामयी समारोह का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात उत्तम सिंह कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि संस्था समाज के अभावग्रस्त, वंचित और अति पिछड़े लोगों को समर्थ कर रही है, उन्हें सम्मान पूर्वक जीवन जीने की एवं राष्ट्र के विकास में सहभागी बनाने का कार्य

कर रही है, शिक्षा बदलाव और प्रगति का सबसे प्रभावी साधन है। शिक्षा की ताकत से प्रत्येक समुदाय ,समाज और व्यक्ति देश के विकास में योगदान दे सकता है।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार बिंदल ने उपस्थित लोगों को बताया कि बहुत कम समय में संस्था की अपील पर संस्था के सदस्यों एवं अन्य लोगों ने मिलकर यह राशि 51000 से भी अधिक की राशि मात्र 7 दिनों के अंदर इकट्ठी की है और हमें खुशी है कि एक मेधावी बेटी जो एमबीबीएस कर रही है के शर्मा परिवार को यह राशि दी जा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद बंसल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बेटी के लिए हर वर्ष संस्था को कुछ ना कुछ राशि देनी चाहिए। शर्मा परिवार के बेटी के लिए भी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। राजकुमार बिंदल ने अपनी ओर से हर माह राशि 5000 देने की भी घोषणा की एवं नई सदस्य वंदना शिवहरे द्वारा भी बनवासी छात्रावास के एक बच्चे को उसकी शिक्षण व्यवस्था के लिए गोद लिया। आभार व्यक्त करते हुए नगर अध्यक्ष शैलेश विरमानी ने शर्मा परिवार का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जिन्होंने संस्था को यह सेवा करने का अवसर प्रदान किया, उन्होंने मंचासीन अतिथियों एवं आए हुए संस्था के सदस्य, रेडक्रास के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों का भी आभार व्यक्त किया, साथ ही रेडक्रास को अपना स्थान देने के लिए भी धन्यवाद दिया। मंच का संचालन जिला सचिव महिम भारद्वाज द्वारा किया गया।

हिन्दू सम्मेलन 22 को, आयोजन की तैयारियों को लेकर किया जा रहा प्रचार-प्रसार

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 20 जनवरी। शिवपुरी जिले के पिछोर नगर में आगामी 22 जनवरी गुरुवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। नगर का जनमानस भी इस आयोजन को भव्य और दिव्या बनाने में यथासंभव सहयोग करने का कर रहा है। इसी क्रम में नगर के समस्त वार्डों की अलग-अलग बैठक कर टोली बनाई गई है।

विगत दिवस भी नगर के टेकरी सरकार मंदिर से छत्रसाल प्रांगण तक विशाल शोभायात्रा निकालकर कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन किया गया एवं धर्म ध्वजा स्थापित की गई। उसके बाद सभी वार्ड की टोलियां की एक सामूहिक बैठक सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए वहां पर प्रत्येक वार्ड टोली को भारत माता के चित्र कार्यक्रम के पत्रक और पीले चावल प्रदान किए गए। जिसे टोली में जाकर वार्ड के प्रत्येक घर पर संपर्क कर भारत माता के चित्र कार्यक्रम पत्रक और पीले चावल देकर सभी परिवारों से सपरिवार कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया गया। सकल हिंदू समाज समिति ने बताया कि हिंदू सम्मेलन में कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। जिसकी योजना को लेकर नगर की मातृ शक्ति की बैठक संपन्न हो चुकी है ततपश्चात पूज्य संतों का सानिध्य एवं भक्तों का मार्गदर्शन हिंदू सम्मेलन में आए हुए जनमानस को प्राप्त होगा।

बैराड पुलिस द्वारा 80 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 20 जनवरी। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले व एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना बैराड पुलिस को जरिये मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि सकतपुर रोड पर एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रुप से देशी हाथ भट्टी की कच्ची शराब रखे हुये है तथा विक्री करने के लिये कहीं ले जाने वाला है। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान सकतपुर रोड पर पहुंचे तो एक व्यक्ति मिला जो मुकेश पुत्र खैरुराम कुशवाह उम्र 36 साल निवासी बेहरगवां थाना बैराडजिला शिवपुरी निकला, जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक की केनों में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब 80 लीटर कीमती 16000 रुपये की जप्त की गई। आरोपी के पास कोई वैध लायसेन्स न होने से मौके पर ही शराब को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

डिमांड नोटिस

जबकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे बताए गए ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के तौर पर काम करते हुए) (जिसे इसके बाद "ARCIL" कहा जाएगा) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत रजिस्टर्ड है और सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (जिसे इसके बाद "SARFAESI एक्ट" कहा जाएगा) के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ एक एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के तौर पर रजिस्टर्ड है और जबकि नीचे दिए गए चार्ट के कॉलम नंबर 2 में बताए गए कर्जदार/सह-कर्जदारों ने IIFL-होम फाइनेंस लिमिटेड, जो मूल कर्जदाता हैं, से लोन लिया था और जबकि ARCIL ने नीचे बताए गए लोन खातों से संबंधित फाइनेंशियल एसेट्स हासिल कर लिए हैं और जबकि ARCIL SARFAESI एक्ट के तहत सुरक्षित लेनदार है, और उक्त एक्ट की धारा 13(2) के तहत दी गई शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के नियम 2 के साथ, नीचे बताए गए कर्जदारों/सह-कर्जदारों को डिमांड नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उन्हें नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में बताई गई राशि को उस पर लगने वाले ब्याज के साथ चुकाने के लिए कहा गया है, लेकिन कुछ लोगों को अलग-अलग कारणों से नोटिस नहीं दिए जा सके.

ट्रस्ट का नाम Arcil Trust 2026-015

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्री घनश्याम दास सोनी श्रीमती मुन्नेश कुमारी श्रीमती प्रियंका (प्रॉस्पेक्ट नं.873538)	5 जनवरी 2026 रु. 1449373.54 (रु. चौदह लाख उन्चास हजार तीन सौ तिहेत्तर और पैसा चौवन्न मात्र)	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा- एक घर, जिसका क्षेत्रफल 592 वर्ग फुट है, नगर पालिका वार्ड नंबर 05, गांव बुलबुलपुरा, चंद्र नगर, तहसील और जिला ग्वालियर (म.प्र.) 474001 के सर्वे नंबर 20 और 21 का एक हिस्सा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 592.00, 750.00

इसलिए, ऊपर बताए गए उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है, जिसमें उनसे कहा जाता है कि वे इस नोटिस के पब्लिकेशन के 60 दिनों के अंदर, संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के खिलाफ ऊपर दिखाई गई कुल बकाया राशि का पेमेंट करें. यदि संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता कुल बकाया राशि का पेमेंट आगे के ब्याज के साथ करने में विफल रहते हैं, तो ARCIL ऊपर बताई गई प्रॉपर्टी पर सिक्योरिटी इंटरेस्ट को लागू करने के लिए धारा 13(4) के तहत कार्रवाई करने के लिए मजबूर होगा, अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार अन्य तरीकों से नोटिस देने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं. आपको सूचित किया जाता है कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13(8) में बताए अनुसार, सार्वजनिक नीलामी या बिक्री द्वारा ट्रांसफर के लिए निजी समझौते के नोटिस के पब्लिकेशन की तारीख से पहले किसी भी समय, Arcil द्वारा किए गए खर्चों, शुल्कों और व्ययों के साथ पूरी बकाया राशि का पेमेंट करके उक्त गिरवी को भुनाया जा सकता है. ध्यान दें कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको इसके द्वारा सुरक्षित प्रॉपर्टी को किसी भी तरह से बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से ट्रांसफर करने और/या उससे निपटने से रोका जाता है।

स्थान : ग्वालियर
दिनांक : 21.01.2026

हस्ताक्षर/-अधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
सीआईएन नंबर-65999MH2002PLC134884 वेबसाइट : www.arcil.co.in रजिस्टर्ड ऑफिस- द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028. Tel- +91 2266581300.